**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 अक्तूबर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- **श्री नायब सिंह ने दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली,13 विधायकों को मंत्रिमण्डल में शामिल किया गया।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री नायब सिंह को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।**
- **केंद्र सरकार ने रेलगाड़ियों में अग्रिम आरक्षण की समय सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन करने का फैसला किया।**
- **हरियाणा के बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि हरियाणा की नव गठित सरकार विकास और जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देगी।**
- **हरियाणा में महर्षि वाल्मीकि जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई।**

****************************************************************************

**भारतीय जनता पार्टी के नेता नायब सिंह ने आज पंचकूला के शालीमार ग्राउंड में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।**

**उनके साथ 13 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली। कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले विधायकों में अंबाला छावनी से 7 बार विधायक रहे अनिल विज, इसराना से विधायक एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य कृष्ण लाल पंवार, बादशाहपुर से विधायक राव नरबीर सिंह, पानीपत ग्रामीण से विधायक**

महिपाल ढांडा, फरीदाबाद से विधायक विपुल गोयल, गोहाना से विधायक डॉ.अरविंद कुमार शर्मा और रादौर से विधायक श्याम सिंह राणा शामिल हैं।पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा कृष्ण कुमार बेदी श्रुति चौधरी और आरती सिंह को भी मंत्री बनाया गया है। राजेश नागर और गौरव गौतम को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्यमंत्री की शपथ दिलाई गयी है।शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, मनोहर लाल, लल्लन सिंह, असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा शर्मा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बी.जे.पी नेता देवेन्द्र फड़णवीस एवं राम मोहन यादव समेत बी.जे.पी और एन.डी.ए के कई बड़े नेता शामिल हुए।

************************************************************

***********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नायब सिंह को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। श्री मोदी ने राज्य मंत्रिमंडल को भी बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन और अनुभव का संगम है जो हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। श्री मोदी ने विश्वास जताया कि डबल इंजन सरकार गरीबों, किसानों, जवानों, युवाओं और महिलाओं के साथ-साथ समाज के हर वर्ग की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

************************************************************

***********

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बी.जे.पी नेता नायब सिंह के नेतृत्व में बनी हरियाणा की नई सरकार को बधाई दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भारतीय जनता पार्टी को लगातार तीसरी बार हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतने पर बधाई दी है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश के सभी वर्ग और क्षेत्र विकसित हो रहे हैं। श्री नीतीश कुमार ने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और भी समृद्ध और शक्तिशाली बनेगा।

*****************************************************************

***********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज चंडीगढ़ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं, यह सम्मेलन चंडीगढ़ के एक निजी होटल में हो रहा है। इस सम्मेलन में भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी भाग ले रहे हैं।

*****************************************************************

***********

केंद्र सरकार ने रेलगाडियों में अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा को 120 दिन से घटाकर 60 दिन करने का फैसला किया है। रेल मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा है कि नया नियम अगले महीने की पहली तारीख से लागू होगा, हालांकि, इस महीने की 31 तारीख तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। मंत्रालय ने कहा है कि विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिन की सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

*****************************************************************

***********

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि हरियाणा की नव गठित सरकार केंद्र सरकार की तर्ज़ पर विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देगी।उन्होंने कहा कि आज बीजेपी ने तीसरी बार सरकार बनाई है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत है। आज हुए शपथ ग्रहण समारोह पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ 13 कैबिनेट एवं राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली है।

मंत्रिमंडल में शामिल किए गए विधायकों पर उन्होंने कहा:
हरियाणा मंत्रिमंडल की पहली बैठक कल सुबह 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय में होगी जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे।

*****************************************************************

*********

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में नई सरकार के गठन पर शुभकामनाएं दी हैं और उम्मीद जताई है कि प्रदेश सरकार जनहित के कार्य करेगी। वह आज रोहतक में वाल्मीकि जयंती समारोह में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री हूडा ने कहा कि उम्मीद है कि प्रदेश सरकार हरियाणा को विकास और खुशहाली के रास्ते पर लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विपक्ष के रूप में हरियाणा के हर वर्ग की आवाज उठाएगी और जनहित से जुड़े मुद्दों की लड़ाई लड़ेगी। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हरियाणा में चुनाव परिणाम कांग्रेस पार्टी के अनुरूप नहीं आए। इस बारे विश्लेषण किया जा रहा है।

**************************************************************************

हरियाणा में  महा ऋषि वाल्मीकि जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई। कैथल के महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में महर्षि वाल्मीकि जयंती अवसर पर सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में स्थापित नवकुण्डीय यज्ञशाला में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सदस्यों, गैरशैक्षणिक सदस्यों सहित अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर भगवान वाल्मीकि का पूजन किया और विश्व शांति के लिए यज्ञकुण्ड में आहुति दी। यज्ञ के बाद वाल्मीकीय रामायण में गुरु शिष्य परंपरा विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई।

अंबाला के गांव बरौली में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । उन्होंने ग्राम वासियों को महाकाव्य 'रामायण' के रचयिता आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती की शुभकामनाएं दी। श्री सैनी ने कहा कि रामायण की कथा से न केवल भारतवर्ष बल्कि पूरे संसार के लोग शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ आनंद, जीवन जीने की कला और सुख शांति प्राप्त करते हैं। इसका रचना कौशल, विचारों की मनोहरता, रमणीयता  और अलंकारिक वर्णन आज भी सभी का सिरमौर बना हुआ है। इस महाकाव्य में मानवों की चित्तवृत्ति का जैसा स्वाभाविक सूक्ष्म एवं सुंदर विश्लेषण तथा मनोवृतियों का जैसा व्यापक और विशुद्ध निरूपण हुआ है, वैसा

संसार के किसी भी ग्रंथ में दुर्लभ है।नारायणगढ़ में भारतीय योग संस्थान द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वाल्मीकि समाज से आए विपिन कुमार व शुभम कुमार ने महर्षि वाल्मीकि के मुक्ति माला पाठ का उच्चारण कर उनकी शिक्षाओं पर चलने का आह्वान किया

****************************************************************
**********

गुरुग्राम के लेजर वैली ग्राउंड में चल रहा सरस आजीविका मेला 29 अक्तूबर को सम्पन्न होगा। इस मेले में क़रीब 30 राज्यों की 900 से ज़्यादा ग्रामीण महिला हस्तशिल्पी भाग ले रही हैं। मेले का आयोजन केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायत एवं विकास विभाग के सहयोग से किया गया है। मेले में देशभर से अलग-अलग राज्यों के स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किए गए बेहतरीन उत्पादों के विभिन्न स्टॉल लगाए गए हैं। वहीं, इस मेले में बनाए गए फूड स्टॉल में हरियाणा सहित गुजरात, हिमाचल, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों के व्यंजन भी उपलब्ध हैं। सरस आजीविका मेला गुरुग्राम समेत दिल्ली क्षेत्र में लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

****************************************************************
***********

आईएसएसएफ निशानेबाज़ी के विश्व कप के फाइनल में भारत के अनंतजीत सिंह ने नई दिल्ली में स्कीट फाइनल शॉटगन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। अमनजीत ने तीसरा स्थान हासिल करने के लिए 50 में से 43 निशाने लगाए। इस बीच उनके साथी निशानेबाज मैराज अहमद खान इस स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे। अन्य मुख्य मुकाबलों में विवान कपूर पुरूषों के ट्रैप फाइनल में खेलेंगे।इससे पहले गनेमत सेखों आज सुबह नई दिल्ली में महिलाओं की स्कीट फाइनल स्पर्धा में छठे स्थान पर रही। वे दूसरे स्थान पर बनी हुई थी, लेकिन लगातार दो शॉट चूक जाने

के कारण पदक की स्पर्धा से बाहर हो गई। क्वालीफाइंग राउंड में सेखों ने कल 125 में 122 निशाने लगाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

इससे पहले अखिल श्योराण ने कल पुरूषों के तीसरे पायदान के लिए 50 मीटर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इसके साथ चल रही विश्व कप प्रतिस्पर्धा में भारत का यह दूसरा पदक है।

*************************************************************************

***********